DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

यूपीएससी आईएएस परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग

# (Download) UPSC IAS Mains Optional सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र -2) Hindi Exam Paper - 2013

**Exam Name:** UPSC IAS Mains

**Year:** 2013

**Subject: सामान्य अध्ययन** (Hindi)

1. कुछ वर्षों से सांसदों की व्यक्तिगत भूमिका में कमी आई है जिसके फलस्वरूप नीतिगत मामलों मे स्वस्थ रचनात्मक बहस प्रायः देखने को नहीं मिलती। दल परिवर्तन विरोधी कानून, जो भिन्न उद्देश्य से बनाया गया था, को कहाँ तक इसके लिए उत्तरदायी माना जा सकता है ? (200 शब्द) 10 marks
2. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66A की इससे कथित संविधान के अनुच्छेद 19 के उल्लंघन के संदर्भ में विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
3. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हाल के निदेशों को 'नागाओं द्वारा उनके राज्य को मिली विशिष्ट स्थिति को रद्द करने के ख़तरे के रूप में देखा गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 371A के आलोक में इसकी विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
4. 'संविधान में संशोधन करने के संसद के स्वैच्छिक अधिकार पर भारत का उच्चतम न्यायालय नियंत्रण रखता है।' समालोचनात्मक विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
5. अनेक राज्य सरकारें बेहतर प्रशासन के लिए भौगोलिक प्रशासनिक इकाइयों जैसे जनपद व तालुकों को विभाजित कर देती हैं। उक्त के आलोक में, क्या यह भी औचित्यपूर्ण कहा जा सकता है कि अधिक संख्या में छोटे राज्य, राज्य स्तर पर प्रभावी शासन देंगे ? विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: UPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

6. अन्तर-राज्य जल विवादों का समाधान करने में सांविधानिक प्रक्रियाएँ समस्याओं को सम्बोधित करने व हल करने में असफल रही हैं। क्या यह असफलता संरचनात्मक अथवा प्रक्रियात्मक अपर्याप्तता अथवा दोनों के कारण हुई है ? विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
7. तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं की विवेचना कीजिए जो स्थानीय शासन की वित्त-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पिछले आयोगों से भिन्न हैं। (200 शब्द) 10 marks
8. वित्तीय संस्थाओं व बीमा कम्पनियों द्वारा की गई उत्पाद विविधता के फलस्वरूप उत्पादों व सेवाओं में उत्पन्न परस्पर व्यापन ने सेबी (SEBI) व इड (IRDA) नामक दोनों नियामक अभिकरणों के विलय के प्रकरण को प्रबल बनाया है। औचित्य सिद्ध कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
9. मध्याह्न भोजन योजना की संकल्पना भारत में लगभग एक शताब्दी पुरानी है जिसका आरम्भ स्वतंत्रता-पूर्व भारत के मद्रास महाप्रान्त (प्रेसीडेंसी) में किया गया था। पिछले दो दशकों से अधिकांश राज्यों में इस योजना को पुन: प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके दोहरे उद्देश्यों, नवीनतम आदेशों और सफलता का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए। (200 शब्द)। 10 marks
10. प्रभावक-समूह राजनीति को कभी-कभी राजनीति का अनौपचारिक मुखपृष्ठ माना जाता है। उपर्युक्त के संबंध में, भारत में प्रभावक-समूहों की संरचना व कार्यप्रणाली का आकलन कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
11. स्वयं सहायता समूहों की वैधता एवं जवाबदेही और उनके संरक्षक, सूक्ष्म-वित्त पोषक इकाइयों को, इस अवधारणा की सतत सफलता के लिए योजनाबद्ध आकलन व संवीक्षण आवश्यक है। विवेचना कीजिए। (200 शब्द] 10 marks
12. केन्द्र सरकार प्राय: राज्य सरकारों के समाज के अतिसंवेदनशील वर्गों के कष्ट निवारण में खराब प्रदर्शन की शिकायत करती है। जनसंख्या के अतिसंवेदनशील वर्गों के सुधार हेतु सभी क्षेत्रों में केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं की पुनर्रचना का उद्देश्य राज्यों को उनके बेहतर कार्यान्वयन में लचीलापन प्रदान करना है। समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। {200 शब्द) 10 marks
13. भ्रष्टाचार को नगण्य करने, अपव्यय को समाप्त करने और सुधारों को सुगम बनाने हेतु कल्याणकारी योजनाओं में इलेक्ट्रॉनीय नकद हस्तांतरण प्रणाली एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना है। टिप्पणी कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
14. ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं का प्रावधान (पुरा) का आधार संयोजकता (मेल) स्थापित करने में निहित है। टिप्पणी कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
15. उन सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों को पहचानिए जो स्वास्थ्य से संबंधित हैं। इन्हें पूरा करने के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाई की सफलता की विवेचना कीजिए। (200 शब्द)। 10 marks
16. यद्यपि अनेक लोक सेवा प्रदान करने वाले संगठनों ने नागरिकों के घोषणा-पत्र (चार्टर) बनाए हैं, पर दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता और नागरिकों के संतुष्टि स्तर में अनुकूल सुधार नहीं हुआ है। विश्लेषण कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
17. 'राष्ट्रीय लोकपाल कितना भी प्रबल क्यों न हो, सार्वजनिक मामलों में अनैतिकता की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता।' विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: UPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

18. वर्ष 2014 में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सहायक बल (ISAF) की अफ़गानिस्तान से प्रस्तावित वापसी क्षेत्र के देशों के लिए बड़े ख़तरों (सुरक्षा उलझनों) भरा है। इस तथ्य के आलोक में परीक्षण कीजिए कि भारत के सामने भरपूर चुनौतियाँ हैं तथा उसे अपने सामरिक महत्त्व के हितों की रक्षा करने की आवश्यकता है। (200 शब्द) 10 marks
19. मोतियों के हार' (द स्टिंग ऑफ पर्स) से आप क्या समझते हैं ? यह भारत को किस प्रकार प्रभावित करता है ? इसका सामना करने के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की संक्षिप्त रूपरेखा दीजिए। {200 शब्द) 10 marks
20. हाल के कुछ वर्षों में भारत व जापान के मध्य आर्थिक संबंधों में विकास हुआ है पर अब भी वह उनकी संभाविता से बहुत कम है। उन नीतिगत दबावों (व्यवरोधों) को स्पष्ट कीजिए जिनके कारण यह विकास अवरुद्ध है। (200 शब्द)| 10 marks
21. बंगलादेश के ढ़ाका में शाहबाग स्क्वायर में हुए विरोध प्रदर्शनों ने समाज में राष्ट्रवादी व इस्लामी शक्तियों के बीच मौलिक मतभेद उजागर किया है। भारत के लिए इसका क्या महत्त्व है ? (200 शब्द) 10 marks
22. मालदीव में पिछले दो वर्षों में हुई राजनैतिक घटनाओं की विवेचना कीजिए। यह बताइए कि क्या ये भारत के लिए चिंता का विषय हैं। (200 शब्द) 10 marks
23. भारत - श्री लंका संबंधों के संदर्भ में, विवेचना कीजिए कि किस प्रकार आंतरिक (देशीय) कारक विदेश नीति को प्रभावित करते हैं। (200 शब्द) 10 marks
24. गुजराल सिद्धान्त से क्या अभिप्राय है ? क्या आज इसकी कोई प्रासंगिकता है ? विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
25. विश्व बैंक व अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, संयुक्त रूप से ब्रेटन वुड्स नाम से जानी जाने वाली संस्थाएँ, विश्व की आर्थिक व वित्तीय व्यवस्था की संरचना का संभरण करने वाले दो अन्त:सरकारी स्तम्भ हैं। पृष्ठीय रूप में, विश्व बैंक व अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों की अनेक समान विशिष्टताएँ हैं, तथापि उनकी भूमिका, कार्य तथा अधिदेश स्पष्ट रूप से भिन्न हैं। व्याख्या कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: UPSC




| | |
|---|---|
| **आप क्या प्राप्त करेंगे?**<br>• 3800 से अधिक पृष्ठ<br>• कुल 14 पुस्तिकायें<br>• 05 प्रक्टिस पेपर<br>• Yearly Current Affairs<br>• IAS Planner Booklet - Print Copy<br>• UPSC Syllabus Booklet - Print Copy<br>• UPSC PRE 10 Year Solved Papers - Print Copy<br>• हमारे विशेषज्ञों से मार्गदर्शन और सहायता | **Price of the Kit:**<br>~~Rs. 24,000~~<br>**Rs. 7,999/-**<br>*(Limited time Offer)*<br>Buy Online<br>VISA Maestro MasterCard RuPay<br>Net Banking |

## ऑनलाइन खरीदें (Buy Online)

**Click here for Other Payment Options (Cash/NEFT/etc)**

**FOR MORE DETAILS CLICK HERE**

50% OFF

IAS EXAM
Indian Administrative Services

# UPSC PRINTED STUDY NOTES

| | | |
|---|---|---|
| Study Material for IAS (UPSC) General Studies Pre. Cum Mains (Combo) | English | CLICK HERE |
| UPSC - IAS PRE (GS+CSAT) Solved Papers & Test Series | English | CLICK HERE |
| UPSC सामान्य अध्ययन प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा (Combo) Study Kit | Hindi | CLICK HERE |
| Study Material for IAS Prelims: GS Paper -1 + CSAT Paper-2 | English | CLICK HERE |
| Study Kit for IAS (Pre) GENERAL STUDIES Paper-1 (GS) | English | CLICK HERE |
| Study Kit for IAS (Pre) CSAT Paper-2(Aptitude) | English | CLICK HERE |
| Public Administration Optional for UPSC Mains | English | CLICK HERE |
| सामान्य अध्ययन (GS) प्रारंभिक परीक्षा (Pre) पेपर-1 | हिन्दी | CLICK HERE |
| आई. ए. एस. (सी-सैट) प्रांरभिक परीक्षा पेपर -2 | हिन्दी | CLICK HERE |
| Gist of NCERT Study Kit For UPSC Exams | English | CLICK HERE |
| यूपीएससी परीक्षा के लिए एनसीईआरटी अध्ययन सामग्री | हिन्दी | CLICK HERE |
| COMPLETE STUDY MATERIAL FOR IAS PRELIMS EXAM | English | CLICK HERE |
| COMPLETE STUDY MATERIAL FOR IAS PRE+MAINS+INTERVIEW EXAM | English | CLICK HERE |
| UPSC, IAS सिविल सेवा परीक्षा संपूर्ण अध्ययन सामग्री (प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार) | हिन्दी | CLICK HERE |